बी.एड. कालेज तरक्वाड़ी में एल्युमनी मीट का आयोजन

हमीरपुर, 2 दिसम्बर (राजीव) : स्वामी विवेकानंद शिक्षा महाविद्यालय तरक्वाड़ी में प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्यातिथि डा. सौरभ कुमार एसोसिएट प्रोफैसर करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी हमीरपुर ने शिरकत की। कार्यक्रम में बी.एड. तथा डी.एल.एड. प्रथम वर्ष के प्रशिक्षु अध्यापकों ने विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेकर अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया, जिसमें एकल गान, समूहगान, एकल नृत्य, समूह नृत्य, पंजाबी भांगड़ा, हिमाचली नाटी व नाटक आदि शामिल रहे।

मुख्यातिथि का स्वागत प्राचार्य डा. कुलदीप सिंह चंदेल ने किया। मुख्यातिथि ने कहा कि मैंटर्स का बच्चों की प्रतिभाओं को परखने में महत्वपूर्ण योगदान रहता है तथा उस प्रतिभा को आगे ले जाकर उसको निखारना बहुत बड़ी बात है। इसके साथ ही महाविद्यालय में एलुमनी मीट का भी आयोजन किया गया, जिसमें 15 पूर्व छात्रों ने भाग लिया।

Swami Vivekanad College of Education · Tarkwari, Teh. & Distt. HMR (HP)
PRINCIPAL

Handed over to
Sh. Satish Kumar
on May 10, 2023

Handed over by
12/09/23
Sh. Satish Kumar

Handed over to
12/9/23
Mrs Amita Rani

Scanned with ACE Scanner

बी.एड. कालेज तरक्वाड़ी में एल्युमनी मीट का आयोजन

कार्यकारिणी का भी किया गठन

कालेज के एक दर्जन पूर्व विद्यार्थियों ने लिया भाग

हमीरपुर, 7 मई (राजीव): तरक्वाड़ी स्थित बी.एड. कालेज में एल्युमनी मीट का आयोजन किया गया, जिसमें कालेज के पूर्व में रहे एक दर्जन विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर पुराने विद्यार्थियों ने महाविद्यालय से जुड़ी अपनी यादों व अनुभवों को सांझा किया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ हमारा कालेज ही नहीं, बल्कि परिवार है। यहीं से शिक्षा और संस्कार प्राप्त कर हम अपने जीवन में सफल हो पाए हैं। यहां के पूर्व विद्यार्थी विभिन्न प्रभावशाली पदों पर आसीन हैं। इस अवसर पर कालेज के प्राचार्य डा. कुलदीप चंदेल ने सभी पूर्व विद्यार्थियों का स्वागत किया और अपने संबोधन में कहा कि हमेशा अपने पूर्व विद्यार्थियों याद करता रहा है तथा यह आशा भी की कि सभी पूर्व विद्यार्थी तन, मन से सहयोग करते रहेंगे। पूर्व विद्यार्थियों ने अपने विचार भी सांझा किए। इस दौरान एल्युमनी कार्यकारिणी का भी गठन किया गया, जिसमें रिंकू को अध्यक्ष, सुनीता देवी को सचिव, चिंकी कालिया को सह सचिव व दीपिका कुमारी को कोषाध्यक्ष चुना गया। इस विशेष अवसर पर डा. बबिता कालिया, उपप्राचार्य ने सभी पूर्व विद्यार्थियों का धन्यवाद किया।

07/05/2022

Principal
SVN College of Education Tarkwari
Bhoranj, Distt. Hamirpur

Scanned with ACE Scanner